P-4

वर्ष 10 अंक 303
पृष्ठ 20+4=24
पटना, मंगलवार
16 फरवरी, 2010
नगर संस्करण
मूल्य 4.00 रुपये

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

# दैनिक जागरण

हिलेरी ने दी ईरान को कड़ी चेतावनी - 20

युवी वनडे के लिए संदिग्ध - 16

www.jagran.com

बिहार • झारखंड • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

## आइपीएल मैचों का लाइव मजा अब सिनेमाघरों में

**पटना :** विश्व के सबसे बड़े डिजिटल सैटेलाइट सिनेमा नेटवर्क यूएफओ मूवीज ने देशभर के सिनेमाघरों के विशाल पर्दे पर डीएलएफआईपीएल 2010 के मैचों को लाइव प्रदर्शित करने का निर्णय लिया है। मैचों के सीधे प्रसारण से सिनेमाघरों एवं सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी तो दर्शकों को पास के सिनेमाघरों में स्टेडियम का लुत्फ लेने का मौका मिलेगा। थियेटर में पूरे परिवार के लिए क्रिकेट से जुड़े मर्कैंडाइज, आकर्षक उपहार और विविध व्यंजनों के स्टाल उपलब्ध होंगे। युवाओं के लिए खास बात यह है कि थियेटर में चियर्स गर्ल्स के साथ बैंड बाजों का भी इंतजाम किया जायेगा। उक्त जानकारी सोमवार को यूएफओ मूवीज इंडिया लिमिटेड के नेशनल हेड दीपक रंजन ने एक प्रेस कांफ्रेंस में दी।